प्रेस-विज्ञप्ति **26.01.2023**

गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर दिनाँक 26 जनवरी, 2023 प्रातः 09:30 बजे मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, सिविल लाइन्स, कानपुर परिसर में चैम्बर के अध्यक्ष- श्री अतुल कनोडिया जी द्वारा झंडारोहण किया गया।

इस अवसर पर मर्चेंट्स चैम्बर की इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सिविक एमेन्टीज कमेटी के चेयरमैन श्री मनीष कटारिया ने सदस्यों को अवगत कराया कि वीआइपी रोड क्रासिंग के पास बिजलीघर के पास फूलमती पार्क का विकास एवं कानपुर के प्रगति पथ को प्रदर्शित करने हेतु शहर की दो प्रमुख मार्गों मेघदूत तिराहे से कम्पनीबाग, नबावगंज चौराहे तक एवं यशोदा नगर चौराहे से शनिदेव मन्दिर चौराहे, किदवई नगर तक आदर्श मार्ग के रूप में सुधार एवं विकास कार्य के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक कर प्रस्ताव को धरातल पर लाने की प्रक्रिया की जा रही है।

श्रीमती वैशाली बियानी जी ने भारत माता माता व तिरंगे को सहृदय प्रणाम करते हुए समस्त गणमान्यों का आभार व्यक्त किया।

इस पावन अवसर पर चैम्बर के कौंसिल मेम्बर्स श्री सुधींद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष- पूर्व अध्यक्ष- सर्वश्री मुकुल टंडन, डॉ. आई.एम. रोहतगी, चैम्बर के सदस्य सुशील शर्मा, उमेश पाण्डेय, दिलीप अग्रवाल, स्वतंत्र सिंह, गुलशन धूपर, प्रेम मनोहर गुप्ता, नरेन्द्र डालमिया, डा. जय प्रकाश, विमल झाझरिया, अक्षय गुप्ता, टीकम चन्द्र सेठिया, प्रदीप खण्डेलवाल तथा सचिव- महेंद्र मोदी उपस्थित थे।

चैम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया जी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपस्थित समस्त गणमान्यों को शुभकामनाये प्रेषित की, साथ ही आगामी स्नातक खंड एवं नगर निगम चुनाव के लिए कहा कि आप सभी एक जागरूकता अभियान चलाकर अन्य जन-साधारणगण को भी वोट डालने हेतु प्रेरित करें।

सधन्यवाद